

# अपनी NDIS योजना का प्रयोग करना



1 2 3

3 पुस्तिकाओं में से
पुस्तिका सँख्या 3



पुस्तिका

3

**इस पुस्तिका में शामिल है:**

- अपनी योजना को समझना
- अपनी योजना का प्रयोग करना
- अपनी योजना और प्रगति की समीक्षा करना

ndis

ndis.gov.au

# इस पुस्तिका का प्रयोग कैसे करें

यह पुस्तिका आपको अपनी नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस स्कीम (राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना - NDIS) की योजना को समझने में मदद देगी और यह भी बताएगी कि फंडिंग (धन-राशि) का प्रयोग कैसे करें, समर्थनों और सेवाओं की व्यवस्था कैसे करें, और अपने लक्ष्यों की ओर काम कैसे करें। यह आपको अपने लक्ष्यों की समीक्षा करने और अपनी योजना की समीक्षा किए जाने की तैयारी करने में भी मदद देगी।

अपने एर्ली चाइल्डहुड एर्ली इंटरवेंशन (ECEI) समन्वयक, स्थानीय क्षेत्रीय समन्वय (LAC) या नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस एजेंसी (NDIA) के साथ अपनी NDIS योजना के बारे में बात करते हुए इस पुस्तिका का प्रयोग करें। जब आप अपने लक्ष्यों की ओर अपनी प्रगति के बारे में जानना चाहते/चाहती हों, तो भी इस इस पुस्तिका का प्रयोग करें। आप वे बातें लिख सकते/सकती हैं जो आपकी योजना में ठीक से काम कर रही हैं और जिन्हें सम्भवत: बदलने की ज़रूरत हो। अपने सवाल, अपनी टिप्पणियाँ और विचार लिखने के लिए भी इस पुस्तिका का प्रयोग करें।

**NDIS के प्रमुख शब्द:** NDIS के बारे में बातचीत करने के लिए हमारे द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कुछ शब्द आपके लिए नए हो सकते हैं, इसलिए हम साथ-साथ उनको समझाते भी हैं।

इस पुस्तिका में टिप्पणियों या सवालों के उदाहरण **लाल रंग के टेक्स्ट** में दर्शाए गए हैं।

---

यह इस श्रृंखला की तीसरी और अंतिम पुस्तिका है।

**आपको अपनी NDIS यात्रा के दौरान अपने लिए ज़रूरी पुस्तिकाएँ मिलेंगी, या आप इन्हें NDIS की वेबसाइट www.ndis.gov.au से प्राप्त कर सकते/सकती हैं।**

## पुस्तिका 1: NDIS को समझना

**पुस्तिका 1 में शामिल है:**

- NDIS के बारे में सीखना
- NDIS के लिए आवेदन करने का निर्णय लेना
- NDIS की सुविधा प्राप्त करना

## पुस्तिका 2: योजना बनाना

**पुस्तिका 2 में शामिल है:**

- आपको वर्तमान में प्राप्त समर्थनों के बारे में समझना और अपनी नियोजन मुलाकात की तैयारी करना
- अपनी योजना बनाने के लिए नियोजन मुलाकात में भाग लेना
- अपनी अनुमोदित NDIS योजना प्राप्त करना

## पुस्तिका 3: अपनी NDIS योजना का प्रयोग करना

**पुस्तिका 3 में:**

**यह समझना कि आपकी योजना में क्या शामिल है**

- यह सीखना कि आपकी NDIS योजना के विभिन्न भागों का क्या अर्थ है, अपनी योजना का प्रयोग शुरू करने में आपकी मदद कौन कर सकता है और आपकी योजना की व्यवस्था कैसे की जाती है।

**अपनी योजना का प्रयोग करने के बारे में सीखना**

- यह सीखना कि आप अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए अपनी योजना का प्रयोग कैसे शुरू कर सकते/सकती हैं।
- यह समझना कि आप अपनी फंडिंग को खर्च कैसे कर सकते/सकती हैं, और सेवा प्रदाताओं का पता कैसे लगा सकत्ते/सकती हैं। यह पुस्तिका आपको यह भी बताएगा कि आप NDIS के बाहर की सामुदायिक और अन्य सरकारी सेवाओं तक पहुँच कैसे प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

**समर्थनों और सेवाओं का चयन और प्रबंध करना**

- प्रदाताओं का चयन करने के लिए इस पुस्तिका का प्रयोग शुरू करना ताकि आपको समर्थन और सेवाएँ प्रदान की जा सकें।
- यह पता लगाना कि ऐसी परिस्थिति में क्या करना चाहिए यदि काम ठीक से न हो रहा हो या आप किसी अन्य प्रदाता का प्रयोग करना चाहते/चाहती हों।

**अपनी समीक्षा और प्रगति की समीक्षा करना**

- अपने लक्ष्यों पर दृष्टि बनाए रखने में मदद के लिए इस पुस्तिका का प्रयोग करें।
- इस बारे में टिप्पणियाँ लिखें कि आपकी NDIS योजना में क्या बातें ठीक से काम कर रही हैं और अपनी योजना की समीक्षा किए जाने पर क्या बदलने की ज़रूरत हो सकती है।
- आपको प्रत्येक योजना की समाप्ति के निकट अपनी योजना की समीक्षा करने के लिए तैयार होना ज़रूरी होगा। अपने लक्ष्यों और इस बारे में सोच-विचार करना शुरू करें कि आपकी योजना किस प्रकार से इन्हें हासिल करने में आपकी मदद कर रही है। हो सकता है कि आपको भविष्य के लक्ष्यों के बारे में सोच-विचार करने की ज़रूरत पड़े, या यदि आगे चलकर आपको NDIS से समर्थन की ज़रूरत न हो तो आपको अपने लिए आवश्यक सामुदायिक और अन्य सरकारी सेवाओं के बारे में सोच-विचार करने की ज़रूरत पड़ सकती है।

# अपनी NDIS योजना को समझना

| | |
|---|---|
| **मेरी NDIS सँख्या:** | |
| **मेरी योजना आरंभ होने की तिथि:** / / | **मेरी योजना समाप्त होने की तिथि:** / / |

## आपकी योजना शुरू करने में आपकी मदद कौन कर सकता है?

आपकी परिस्थिति और समर्थन आवश्यकताओं पर निर्भर करते हुए आपको निम्नलिखित में से किसी एक के साथ अपनी योजना शुरू करने के लिए सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है।

### एर्ली चाइल्डहुड एर्ली इंटरवेंशन (ECEI) समन्वयक

0-6 साल की आयु वाले जिन बच्चों के पास NDIS योजना होती है, उनके परिवार और देखभालकर्ता एक ECEI समन्वयक के साथ काम करेंगे। ECEI समन्वयकों के पास विकलाँगता या विकासात्मक विलंब से ग्रस्त बच्चों के साथ काम करने का अनुभव होता है। NDIS ECEI की विधि बच्चों को ऐसी कुशलताएँ विकसित करने में मदद देने के लिए परिवारों और देखभालकर्ताओं का समर्थन करती है, जिनकी ज़रूरत उन्हें रोज़मर्रा की गतिविधियों में भाग लेने और अपनी विकासात्मक उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए होती है।

### लोकल एरिया कॉर्डिनेटर (LAC)

सात साल से अधिक आयु के अधिकांश NDIS प्रतिभागियों को LAC की सेवा उपलब्ध होगी, जो उन्हें अपनी योजना को समझने और उसका प्रयोग करने में मदद देगा। इसमें प्रतिभागियों को myplace पोर्टल का प्रयोग करने की विधि दर्शाना और वित्त-पोषित समर्थन के साथ उनका संपर्क स्थापित करना शामिल है। LAC प्रतिभागियों की संपूर्ण योजना के दौरान उनका समर्थन करते हैं ताकि इस बात पर दृष्टि बनाई रखी जा सके कि योजना कैसे काम कर रही है, और वे नियमित रूप से प्रगति की जांच कर सकें।

ECEI समन्वयक और LAC आपके स्थानीय समुदाय की उन संस्थाओं से संबंधित होते हैं, जो NDIS उपलब्ध कराने के लिए NDIA के साथ काम करती हैं। अपने क्षेत्र में ECEI और LAC सहभागियों का पता लगाने के लिए NDIS की वेबसाइट देखें।

### समर्थन समन्वयक

यदि आपके क्षेत्र में ECEI या LAC सहभागी मौजूद नहीं हैं, या आपको अपने समर्थनों और सेवाओं का समन्वय करने में और अधिक मदद की ज़रूरत है, तो NDIA आपकी NDIS योजना में एक समर्थन समन्वयक के लिए धन-राशि प्रदान कर सकती है। समर्थन समन्वयक ऐसी कुशलताएँ विकसित करने में आपकी मदद करेगा जिनकी ज़रूरत आपको अपने लक्ष्यों को हासिल करने, और अधिक स्वतंत्र रूप से जीवन-यापन करने, अपनी योग्यताओं को बढ़ाने और अपने समुदाय और रोज़गार में शामिल किए जाने के लिए अपनी योजना का प्रयोग करने के लिए होती है।

विशेषज्ञ समर्थन समन्वयन उच्च स्तर का समर्थन समन्वयन होता है। यह उन लोगों के लिए है जिनकी परिस्थितियाँ अधिक जटिल होती हैं और जिन्हें विशेषज्ञ समर्थन की ज़रूरत होती है।

“NDIS ने मेरे घर के संशोधन कार्यों में समर्थन देकर तथा वापिस गाड़ी चलाना शुरू करने में सहायता देकर और अधिक स्वतंत्र बनने में मेरी सहायता की है। गाड़ी चला पाना मेरे लिए एक बहुत बड़ी बात है। साथ ही, उन्होंने मुझे दोबारा जिम जाना शुरू करने में मदद दी है, जिससे मुझे अधिक समय के लिए पैदल चलने और मात्र कुर्सी पर बैठकर समय बिताना कम करने के अपने मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ने में सक्षम होने में मदद मिलेगी।

**ROY, NDIS प्रतिभागी**



## आपका ECEI समन्वयक, LAC या समर्थन समन्वयक अपनी योजना का प्रयोग करने में आपकी मदद कैसे कर सकता है

आपका ECEI समन्वयक, LAC या समर्थन समन्वयक आपकी NDIS योजना शुरू करने में आपकी मदद करेगा।

वे निम्नलिखित कार्यों में आपकी मदद कर सकते हैं:

- अपनी योजना को समझने में और अपनी NDIS फंडिंग के साथ आप किन समर्थनों और सेवाओं का भुगतान कर सकते/सकती हैं, इसके बारे में समझने में।
- यह सीखने में कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रणालियों जैसी अन्य सेवाओं अथवा आपकी राज्य या टेरेटरी (राज्य-क्षेत्र) की सरकार की क्या जिम्मेदारी है।
- सामुदायिक और अन्य सरकारी सेवाओं के साथ संपर्क स्थापित करने में।
- आपकी ज़रूरतों को पूरा करने वाले और अपने लक्ष्यों को हासिल करने में आपकी मदद करने वाले प्रदाताओं की खोज करने में।
- अपने प्रदाताओं के साथ सेवा अनुबंध बनाने और सेवाओं के लिए आरक्षण करने में।
- यदि आपके पास कोई सवाल या चिंताएँ हैं या आपके जीवन में कुछ बदलाव होता है, तो एक संपर्क व्यक्ति की भूमिका निभाने में।

### आपके ECEI समन्वयक, LAC या समर्थन समन्वयक के संपर्क विवरण

| |
|---|
| **नाम:** |
| **फोन नम्बर:** |
| **ई-मेल पता:** |
| **कार्यालय का पता या स्थान:** |

## अपनी योजना को देखना

आपकी योजना को स्वीकृति दिए जाने के लगभग 24 घंटे बाद आपकी योजना NDIS myplace पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगी। आपको अपने पसंदीदा फॉर्मेट या भाषा में वैयक्तिक रूप से या डाक से अपनी योजना की एक मुद्रित प्रति भी मिलेगी।

## myplace क्या है?

myplace ऑस्ट्रेलियाई सरकार की myGov वेबसाइट पर एक सुरक्षित वेबसाइट पोर्टल है जहाँ आप या आपका कोई विश्वसनीय (मनोनीत व्यक्ति या बाल प्रतिनिधि) आपकी NDIS जानकारी को देख सकता है। यदि आपके पास Medicare, ऑस्ट्रेलियाई कराधान कार्यालय (Australian Taxation Office) या Centrelink जैसी अन्य सरकारी सेवाओं के लिए पहले से ही एक myGov एकाउंट है, तो आप NDIS के लिए भी उसी myGov एकाउंट का प्रयोग कर सकते/सकती हैं।

जब आप पहली बार myplace पोर्टल को एक्सेस करते/करती हैं तो आपको एक एक्टिवेशन कोड दिया जाएगा। यह महत्वपूर्ण है कि एक्टिवेशन कोड मिलने के बाद आप जल्दी से जल्दी myplace को एक्सेस करें, क्योंकि यह कोड 10 दिनों के अंदर रद्द हो जाएगा। यदि आपको एक एक्टिवेशन कोड की ज़रूरत है, या आपका एक्टिवेशन कोड रद्द हो गया है, तो आप NDIA को **1800 800 110** पर फोन करके, या अपने ECEI समन्वयक या LAC से संपर्क करके एक अन्य एक्टिवेशन कोड प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

**आप myplace पर क्या कर सकते/सकती हैं?**

- अपनी वर्तमान योजना और पुरानी योजनाएँ देखना।
- अपने संपर्क विवरण की जांच करना।
- NDIS से आए मैसेज (संदेश) देखना।
- भुगतान निवेदनों का निर्माण करना और इन्हें देखना।
- सेवाओं के लिए आरक्षण और उनका प्रबंध करना।
- दस्तावेज़ अपलोड करना - इनमें आकलन या सेवा अनुबंध शामिल हैं।
- अपने सेवा प्रदाताओं के साथ अपनी योजना, या अपनी योजना के हिस्सों को साझा करना।
- सेवा प्रदाताओं की खोज करना।

myplace का प्रयोग करने के बारे में विस्तृत निर्देशों के लिए NDIS की वेबसाइट पर **NDIS myplace प्रतिभागी पोर्टल: क्रमवार मार्गर्शिका** देखें।

# आपकी योजना में क्या शामिल है?

आपकी NDIS योजना आपकी नियोजन बैठक में की गई चर्चा पर आधारित होगी। आपकी योजना में निम्नलिखित जानकारी शामिल होगी:

## आपसे सम्बन्धित जानकारी

इस अनुभाग में आपकी विकलाँगता, आपकी रोज़मर्रा की गतिविधियों और साथ ही साथ इस बारे में सामान्य जानकारी शामिल है कि आप कहाँ रहते/रहती हैं, आप किसके साथ रहते/रहती हैं, या आपकी देखभाल कौन करता है।

## परिवार और मित्र

इस अनुभाग में आपको परिवार और मित्रों से मिलने वाले गैर वित्त-पोषित समर्थन के बारे में जानकारी शामिल है, जिससे आपको अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

## सेवाएँ और सामुदायिक समूह

इस अनुभाग में समर्थन समूहों, स्वास्थ्य केन्द्रों, पुस्तकालयों और जन परिवहन जैसी सामुदायिक या अन्य सरकारी सेवाओं द्वारा वित्त-पोषित और प्रदान की जाने वाली सेवाओं और समर्थनों के बारे में जानकारी शामिल है।

## आपके लक्ष्य

इस अनुभाग में ऐसे वर्तमान लक्ष्य शामिल हैं जिन्हें आप अपनी योजना के एक हिस्से के रूप में हासिल करना चाहते/चाहती हैं और साथ ही दीर्घावधि के ऐसे लक्ष्य भी शामिल हैं जिनकी पहचान आपने अपने जीवन के लिए की है। लक्ष्य-निर्धारण NDIS का एक महत्वपूर्ण भाग है और आपके प्रत्येक समर्थन और सेवा को आपको NDIS योजना में शामिल लक्ष्यों को हासिल करने में आपकी मदद करनी चाहिए।

## वित्त-पोषित समर्थन

यह अनुभाग प्रत्येक समर्थन श्रेणी में आपके लिए नियत की गई फंडिंग की मात्रा और उसके प्रयोजन के बारे में बताता है। यह हो सकता है कि आपकी योजना में सभी समर्थन श्रेणियों को वित्त-पोषित न किया गया हो। हो सकता है कि कुछ लोगों के लिए एक या दो समर्थन श्रेणियों को वित्त-पोषित किया गया हो और अन्य लोगों के लिए इससे अधिक समर्थन श्रेणियों को वित्त-पोषित किया गया हो। यह आपकी व्यक्तिगत ज़रूरतों पर निर्भर करेगा और यह आपके लिए ज़रूरी समर्थन और सेवाओं के आधार पर एक योजना से दूसरी योजना के लिए अलग-अलग हो सकता है।

अपना जीवन व्यतीत करने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए आपके लिए ज़रूरी परिवार, मित्रों और अन्य सामुदायिक व सरकारी सेवाओं द्वारा प्रदान किए जाने वाले समर्थन के अलावा, आपकी फंडिंग इस बात पर भी आधारित होती है कि आपकी ज़रूरतों के लिए क्या **यथोचित और आवश्यक** है।

आपके लिए यह **आवश्यक** है कि आप अपनी NDIS फंडिंग का प्रयोग केवल ऐसे समर्थनों और सेवाओं के लिए ही करें जो आपकी विकलाँगता से सम्बन्धित हों और जो आपकी NDIS योजना में दिए लक्ष्यों को हासिल करने में आपकी मदद करेंगे।

**NDIS के प्रमुख शब्द: यथोचित और आवश्यक**

'यथोचित' का अर्थ है कुछ उचित चीज़ और 'आवश्यक' का अर्थ है कोई ऐसी चीज़ जिसकी व्यक्ति को ज़रूरत है। NDIS व्यक्ति की विकलाँगता से सम्बन्धित समर्थन और सेवाओं का वित्त-पोषण करती है, ताकि उसे अपने लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिल सके।


"

"मेरा व्यावसायिक चिकित्सक मेरे मुख्य समर्थनों में से एक है। यह वह स्थान है जहाँ मैं अधिक स्वतंत्र होने और नौकरियाँ प्राप्त करने और इस प्रकार के कार्यों के अपने लक्ष्य हासिल करने की कोशिश करता हूँ। साथ ही मैं अपने स्पीच पैथोलॉजिस्ट के साथ और अधिक स्पष्ट रूप से बातचीत करना और वार्तालाप जारी रखना भी सीखता हूँ।"

**KIRA, NDIS प्रतिभागी**



# समर्थन बजट




**ऐसे तीन प्रकार के समर्थन बजट होते हैं जिन्हें आपकी NDIS योजना में वित्त-पोषित किया जा सकता है:**

- मुख्य समर्थन बजट
- क्षमता निर्माण समर्थन बजट
- पूँजी समर्थन बजट

## मुख्य समर्थन बजट

मुख्य समर्थन रोज़मर्रा की गतिविधियों, आपकी वर्तमान विकलाँगता से सम्बन्धित ज़रूरतों और आपके लक्ष्यों के प्रति काम करने में आपकी मदद करते हैं।

आपके मुख्य समर्थन बजट सबसे अनुकूलनीय होते हैं, और अधिकांश मामलों में आप अपनी फंडिंग का प्रयोग निम्नलिखित चार समर्थन श्रेणियों में से किसी भी श्रेणी में कर सकते/सकती हैं। परन्तु कुछ परिस्थितियों में आपके पास अपनी फंडिंग में लोचनीयता नहीं होती है, विशेषकर परिवहन संबंधी फंडिंग के लिए।

| आपकी योजना में | MYPLACE पोर्टल में | विवरण |
|---|---|---|
| रोज़मर्रा के रहन-सहन में सहायता | **रोज़मर्रा की गतिविधियाँ** | उदाहरण के लिए, रोज़मर्रा की ज़रूरतों, घरेलू साफ-सफाई और/या घर के पिछवाड़े के रख-रखाव में सहायता। |
| उपभोग्य वस्तुएँ | **उपभोग्य वस्तुएँ** | आपकी ज़रूरत की रोज़मर्रा की वस्तुएँ। उदाहरण के लिए, आपकी स्वतंत्रता और/या गतिशीलता को बेहतर बनाने के लिए मूत्र/मल-संयम के उत्पाद या कम-लागत वाली सहायक प्रौद्योगिकी और उपकरण। |
| सामाजिक एवं सामुदायिक प्रतिभाग में सहायता | **सामाजिक, सामुदायिक और नागरिक प्रतिभाग** | उदाहरण के लिए, सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों में आपके भाग लेने में आपकी मदद करने के लिए समर्थन कर्मचारी। |
| परिवहन | **परिवहन** | आपको अपने कार्यस्थल या अन्य स्थानों पर आने-जाने में सहायता देने के लिए समर्थन, जिससे आपको अपनी योजना में नियत किए गए लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।<br><br>आप अपनी परिवहन फंडिंग को कैसे खर्च कर सकते/सकती हैं और इसका भुगतान आपको कैसे किया जाता है (चाहे अग्रिम तौर पर या नियमित भुगतानों के रूप में), यह हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग होगा। आपका LAC आपको यह विवरण देगा कि आप इस बजट का प्रयोग कैसे कर सकते/सकती हैं। |

### मामला अध्ययन

### CHARLOTTE

**Charlotte के लक्ष्यों में अपने रोज़मर्रा के जीवन में और अधिक स्वतंत्र होना तथा मित्र बनाना शामिल है। उसके पास अपने मुख्य समर्थन बजटों में फंडिंग उपलब्ध है, जिससे उसे कपड़े पहनने और भोजन बनाने जैसे कार्यों में मदद मिलती है।**

समय बीतने के साथ-साथ, Charlotte सुबह के समय कपड़े पहनने और नाश्ता बनाने जैसे कार्यों में अपने लिए ज़रूरी समर्थन की मात्रा को कम करने के लिए आश्वस्त महसूस करती है। Charlotte का मुख्य समर्थन बजट लोचनीय है, इसलिए वह सुबह मिलने वाले एकल समर्थन की मात्रा को कम करने का निर्णय लेती है और सप्ताह में एक बार समूह में मनोरंजनात्मक तैराकी गतिविधि में भाग लेने के लिए उस फंडिंग का प्रयोग करती है।

## क्षमता निर्माण (Capacity Building) समर्थन बजट

क्षमता निर्माण समर्थन आपकी स्वतंत्रता और कुशलताओं का निर्माण करने में आपकी मदद करता है, ताकि आपको अपने दीर्घावधि के लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिल सके।

आपके मुख्य समर्थन बजट से भिन्न, आपके क्षमता निर्माण समर्थन बजट को एक समर्थन श्रेणी से किसी दूसरी समर्थन श्रेणी में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। फंडिंग का प्रयोग केवल क्षमता निर्माण श्रेणी के तहत स्वीकृत व्यक्तिगत समर्थन को खरीदने के लिए ही किया जा सकता है। क्षमता निर्माण समर्थन की श्रेणियाँ हैं:

| आपकी योजना में | MYPLACE पोर्टल में | विवरण |
|---|---|---|
| समर्थन समन्वयन | **समर्थन समन्वयन** | आपकी योजना में आपकी मदद करने के लिए समर्थन समन्वयक के लिए यह एक निर्धारित राशि है। |
| रहन-सहन के बेहतर प्रबंध | **CB घरेलू रहन-सहन** | आपको निवास के लिए एक उचित स्थान खोजने और इस स्थान को बनाए रखने में मदद देने के लिए समर्थन। |
| और अधिक सामाजिक एवं सामुदायिक प्रतिभाग | **CB सामाजिक, सामुदायिक और नागरिक प्रतिभाग** | आपकी कुशलताओं को बढ़ाने के लिए विकास और प्रशिक्षण, ताकि आप सामुदायिक, सामाजिक और मनोरंजनात्मक गतिविधियों में भाग ले सकें। |
| नौकरी ढूँढना और नौकरी बनाए रखना | **CB रोज़गार** | इसमें आपको नौकरी ढूँढने और नौकरी बनाए रखने में मदद देने के लिए रोज़गार-संबंधित समर्थन, प्रशिक्षण और आकलन शामिल हो सकते हैं, जैसे स्कूल लीवर एंप्लॉयमेंट सपोर्ट्स (SLES)। |
| बेहतर संबंध | **CB संबंध** | यह समर्थन आपको सकारात्मक व्यवहार विकसित करने और दूसरों के साथ बातचीत करने में मदद देगा। |
| बेहतर स्वास्थ्य एवं कल्याण | **CB स्वास्थ्य एवं कल्याण** | आपकी विकलाँगता के प्रभाव का प्रबंध करने के लिए व्यायाम या आहार-संबंधी परामर्श को शामिल करना। NDIS जिम की सदस्यता के लिए धन-राशि नहीं देती है। |
| बेहतर शिक्षण | **CB जीवन-पर्यंत शिक्षण** | उदाहरणों में स्कूल से आगे की शिक्षा, जैसे विश्वविद्यालय या TAFE की ओर कदम बढ़ाने के लिए आपके लिए प्रशिक्षण, परामर्श और सहायता शामिल हो सकती है। |
| जीवन संबंधी बेहतर विकल्प | **CB चयन और नियंत्रण** | सेवाओं के लिए आपकी योजना, फंडिंग और भुगतान का प्रबंध करने में मदद देने के लिए योजना प्रबंधन। |
| रोज़मर्रा का बेहतर रहन-सहन | **CB दैनिक गतिविधि** | आपकी कुशलताओं, स्वतंत्रता और सामुदायिक प्रतिभाग को बढ़ाने के लिए आकलन, प्रशिक्षण या थेरेपी। ये सेवाएँ समूहों में या व्यक्तिगत तौर पर प्रदान की जा सकती हैं। |

## पूँजी समर्थन बजट

पूँजी समर्थन में सहायक प्रौद्योगिकी, उपकरण, गृह या गाड़ी संबंधी संशोधन कार्यों के उच्च-लागत के खण्ड शामिल होते हैं और संभावित तौर पर आपके लिए ज़रूरी एकमुश्त खरीद के लिए फंडिंग शामिल हो सकती है (इसमें विशेषज्ञ विकलाँगता आवास-स्थल भी शामिल हैं)।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि पूँजी समर्थन बजट के फंड्स का प्रयोग केवल उनके विशिष्ट प्रयोजन के लिए ही किया जा सकता है और किसी अन्य चीज़ के भुगतान के लिए इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता है। पूँजी समर्थन बजट की दो समर्थन श्रेणियाँ हैं:

| आपकी योजना में | MYPLACE पोर्टल में | विवरण |
|---|---|---|
| सहायक प्रौद्योगिकी | **सहायक प्रौद्योगिकी** | इसमें गतिशीलता, व्यक्तिगत देखभाल, संचार और मनोरंजनात्मक समावेश के लिए उपकरण सामग्री शामिल है, जैसे व्हीलचेयर और गाड़ी के संशोधन-कार्य। |
| घरेलू संशोधन कार्य | **घरेलू संशोधन कार्य** | घरेलू संशोधन कार्य, जैसे बॉथरूम में हैंड रेल स्थापित करना, या अपनी विकलाँगता के कारण विशेषज्ञ आवास की ज़रूरत वाले प्रतिभागियों के लिए विशेषज्ञ विकलाँगता आवास-स्थल। |

## आपकी योजना में अन्य जानकारी

### निर्दिष्ट समर्थन – ये लोचनीय नहीं हैं

'निर्दिष्ट समर्थनों' के तौर पर सूचीबद्ध कोई सेवा लोचनीय नहीं होती है। इसका यह अर्थ है कि फंडिंग को किसी विशिष्ट समर्थन या सेवा के लिए नियत किया गया है, और आप इसका प्रयोग किसी अन्य काम के लिए नहीं कर सकते/सकती हैं। आप 'निर्दिष्ट समर्थनों' के स्थान पर कोई अन्य समर्थन नहीं ले सकते/सकती हैं।

### वस्तु-रूपी समर्थन – पहले से भुगतान किए गए

यदि आपकी योजना में वस्तु-रूपी समर्थन सूचीबद्ध किए गए हैं, तो इसका यह अर्थ है कि राज्य या टेरेटरी (राज्य-क्षेत्र) या ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा सेवा के लिए भुगतान पहले से किया जा चुका है। आपके लिए इस प्रदाता का प्रयोग करना ज़रूरी है, क्योंकि उन्हें पहले से ही भुगतान मिल चुका होता है और वे आरक्षित की गई सभी सेवाएँ प्रदान करेंगे। इसका यह अर्थ है कि आप उस सेवा के लिए किसी अन्य प्रदाता का चयन नहीं कर सकते/सकती हैं, परन्तु यदि किसी विशिष्ट वस्तु-रूपी प्रदाता का प्रयोग करने में आपकी कोई शंका है, तो आपको अपने ECEI समन्वयक, LAC या NDIA योजनाकार के समक्ष अपनी चिंताएँ प्रकट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

जैसे-जैसे पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में NDIS को शुरू किया जा रहा है, वैसे-वैसे यह उम्मीद की जाती है कि वस्तु-रूपी समर्थनों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जाएगा और आपके पास अपने प्रयोग के लिए प्रदाताओं से सम्बन्धित विकल्प और नियंत्रण होगा।

### दाम बताना ज़रूरी है

यदि समर्थन को 'दाम बताना ज़रूरी' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, तो आपकी योजना में फंडिंग उपलब्ध कराए जाने से पहले दाम और/या विशेषज्ञों की रिपोर्टों जैसी अतिरिक्त जानकारी भी ज़रूरी होगी।

## भाषा समर्थन (गैर-विकलाँगता सम्बन्धित)

यदि प्रतिभागियों की पसंदीदा भाषा अंग्रेज़ी नहीं है, तो NDIS योजना में उनके लिए भाषा समर्थन को वित्त-पोषित नहीं किया जाता है। आपका NDIS सेवा प्रदाता आमने-सामने या फोन पर भाषा समर्थन के लिए दुभाषिया सेवा आरक्षित करेगा और इसके लिए भुगतान करेगा, ताकि आपको अपनी योजना में समर्थनों का प्रयोग करने में मदद मिल सके।

## यदि आप अपनी फंडिंग से खुश नहीं हैं

आपके पास NDIA द्वारा अपनी योजना की **आंतरिक समीक्षा** कराने के लिए निवेदन करने का अधिकार है। आपका ECEI समन्वयक, LAC या NDIA इसके बारे में आपको विवरण दे सकता है और उन पक्षसमर्थकों के साथ आपका संपर्क स्थापित करा सकता है जो इस प्रक्रिया में आपकी मदद कर सकते हैं।

जब NDIA किसी प्रतिभागी की योजना की समीक्षा करती है, तो यह योजना में शामिल सभी वित्त-पोषित समर्थनों पर ध्यान देगी, न कि केवल किसी एक समर्थन पर। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि योजना में कोई कमियाँ न हों। अपनी योजना की समीक्षा कराने का निवेदन करने के बारे में और अधिक पता लगाने के लिए अपने ECEI समन्वयक, LAC या NDIA से संपर्क करें। यदि आपने समीक्षा कराने का निवेदन किया है, तो आप निर्णय की प्रतीक्षा करते समय अपनी योजना का प्रयोग करना जारी रख सकते/सकती हैं।

**NDIS के प्रमुख शब्द:**

**आंतरिक समीक्षा**

यह NDIA द्वारा लिए गए निर्णय की समीक्षा होती है। आंतरिक समीक्षा में काम करने वाला NDIA कर्मी पहले लिए गए निर्णय में शामिल नहीं होगा। हो सकता है कि इस प्रक्रिया के एक भाग के तौर पर वह आपसे सीधे बात करना चाहे।

यदि आप आंतरिक समीक्षा से खुश नहीं हैं, तो आप प्रशासनिक अपील ट्राइब्यूनल (Administrative Appeals Tribunal - AAT) से समीक्षा कराने का निवेदन कर सकते/सकती हैं, जो NDIA से बाहर है। NDIA द्वारा आंतरिक समीक्षा किए जाने से पहले आप AAT से NDIA द्वारा लिए गए निर्णय की समीक्षा करने का निवेदन नहीं कर सकते/सकती हैं।

## अपनी NDIS फंडिंग का प्रबंध करना

योजना बनाने की अपनी बातचीत के दौरान, आपसे इस बात पर चर्चा की जाएगी कि आप समर्थनों और सेवाओं का भुगतान करने के लिए अपनी योजना में फंडिंग का प्रबंध कैसे करना चाहते/चाहती हैं। आपके फंड्स का प्रबंध अलग-अलग तरीके से कैसे किया जा सकता है, इसके बारे में संक्षिप्त विवरण के लिए **पुस्तिका 2 – योजना बनाना** देखें। यदि आप यह याद नहीं रख सकते/सकती हैं कि आपकी योजना का प्रबंध कैसे किया जाता है, तो आप इसे अपनी योजना में सूचीबद्ध पाएँगे या फिर इसके बारे में अपने LAC, ECEI समन्वयक या NDIA से पूछें।

**अपनी योजना का प्रबंध करने के तीन अलग-अलग तरीके हैं:**

1. **स्व-प्रबंधन** – NDIA आपको भुगतान करेगी ताकि आप सीधे अपने प्रदाताओं को भुगतान कर सकें।
2. **योजना-प्रबंधन** – NDIA एक योजना प्रबंधक को भुगतान करने के लिए आपकी योजना में फंडिंग प्रदान करेगी। यह प्रबंधक आपकी ओर से आपके प्रदाताओं को भुगतान करता है।
3. **NDIA-प्रबंधित** – NDIA आपकी ओर से आपके प्रदाताओं को भुगतान करेगी।

चूँकि अब आपके पास अपनी योजना है, इसलिए आपके पास इस बारे में अधिक सवाल हो सकते हैं कि फंडिंग प्रबंधन के विकल्प कैसे काम करते हैं। आपका ECEI समन्वयक, LAC या NDIA आपके सवालों का जवाब दे सकता है, यदि कोई समस्याएँ हैं तो आपकी मदद कर सकता है, अथवा यदि आप अपनी योजना का प्रबंध किए जाने के तरीके को बदलना चाहते/चाहती हैं तो वह आपके साथ काम कर सकता है।

यह याद रखें कि भले ही आपके फंड्स का प्रबंधन किसी भी तरीके से किया जाता हो, फिर भी आपके पास यह सुनिश्चित करने का विकल्प और नियंत्रण होता है कि आपकी सेवाएँ आपके लिए काम कर रही हैं और आपके बजट में फिट बैठती हैं। भले ही आपकी फंडिंग का प्रबंध NDIA या किसी योजना प्रबंधक द्वारा किया जाए, फिर भी आपको नियमित तौर पर myplace पोर्टल और अपनी फंडिंग की करके यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपके बजट सही मार्ग पर चल रहे हैं।

# अपनी योजना का प्रयोग करना

## आप अपनी फंडिंग की धनराशि किस पर खर्च कर सकते/सकती हैं?

अपनी फंडिंग कि धनराशि से क्या खरीदें, यह निर्णय लेते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

| सवाल | हाँ/नहीं |
|---|---|
| **1.** क्या समर्थन या सेवा आपको अपनी NDIS योजना में दिए लक्ष्यों को हासिल करने में आपकी मदद करेगी? | |
| **2.** क्या समर्थन या सेवा की कीमत यथोचित तरीके से तय की गई है और क्या यह अन्य समर्थनों की तुलना में पैसे के लिए श्रेष्ठ उपयोगिता प्रदान करती है? | |
| **3.** क्या आप अपने स्वीकृत NDIS बजट के अंदर समर्थन या सेवा के शुल्क का भार उठा सकते/सकती हैं? याद रखें, यह ज़रूरी है कि आपकी फंडिंग आपकी योजना की संपूर्ण अवधि तक बनी रहे। | |
| **4.** क्या समर्थन या सेवा से आपको अपने स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ने के तरीके में सुधार करने और परिवार तथा मित्रों के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी? इसे सामान्यत: परिवार, मित्रों और आपके समुदाय में प्रदान किए जाने वाले समर्थनों का स्थान नहीं लेना चाहिए। | |
| **5.** क्या यह समर्थन या सेवा ऐसा कार्य है जिसे अन्य सरकारी सेवाओं द्वारा वित्त-पोषित किया जाना चाहिए? उदाहरण के लिए, डेंटल, स्वास्थ्य या अस्पताल सेवाएँ, शिक्षा, आवास और सार्वजनिक परिवहन - ये सभी सेवाएँ अन्य सरकारी सेवाओं के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। याद रखें कि सभी समुदायों में समावेशी और विकलाँगता से ग्रस्त लोगों के लिए सुलभ सुविधाएँ और गतिविधियाँ होनी चाहिए। | |
| **6.** क्या समर्थन या सेवा आपको मित्रों या अपने समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ गतिविधियों में भाग लेने में मदद देगी, या कोई नौकरी ढूँढने में आपकी मदद करेगी? | |
| **7.** क्या यह सुरक्षित है? आपके समर्थनों और सेवाओं से आपको कोई नुकसान नहीं पहुँचना चाहिए या अन्य लोगों को खतरा नहीं होना चाहिए। | |

## आप सेवाएँ किस से खरीद सकते/सकती हैं?

आपके पास यह विकल्प और नियंत्रण होता है कि अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आपके लिए ज़रूरी समर्थन और सेवाएँ क्या हैं और इन्हें कहाँ, कब और किसके द्वारा प्रदान किया जाता है। कुछ प्रतिभागी ये निर्णय लेने में परिवार और मित्रों से मदद माँगते हैं, जबकि कुछ अन्य प्रतिभागी अपने ECEI समन्वयक, LAC या समर्थन समन्वयक से मदद माँग सकते हैं।

### सेवा प्रदाता कौन होता है?

वित्त-पोषित सेवाएँ प्रदान करने वाले व्यक्ति, व्यापार या संगठन को सेवा प्रदाता कहते हैं। सेवा प्रदाताओं को अलग-अलग क्षेत्रों में अनुभव और निपुणता हासिल होती है, इसलिए यह पता लगाना महत्वपूर्ण होता है कि आप क्या चाहते/चाहती हैं और आपके लिए सही प्रदाता कौन से हैं। प्रदाताओं में बड़ी कम्पनियाँ, दानी संस्थाएँ, छोटे लाभ-निरपेक्ष व्यापार, एकल व्यापारी, या किसी अन्य प्रकार के व्यापार शामिल होते हैं।

पंजीकृत प्रदाताओं को 'NDIS पंजीकृत प्रदाता' कहा जाता है और ये प्रदाता सरकार के गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं।

यदि आपकी NDIS फंडिंग NDIA द्वारा प्रबंधित की जाती है, तो आप अपनी सेवाएँ प्राप्त करने के लिए केवल NDIS पंजीकृत प्रदाताओं का ही उपयोग कर सकते/सकती हैं। यदि आप कई वर्षों से किसी ऐसे समर्थन कर्मचारी या प्रदाता के साथ काम करते आए/आई हैं जो NDIS पंजीकृत प्रदाता नहीं है, तो उसे पंजीकृत होने के लिए बढ़ावा दें ताकि आप अपनी NDIS फंडिंग का प्रयोग करके उसके साथ काम करना जारी रख सकें।

वे प्रतिभागी जो अपने NDIS फंड्स का प्रबंध स्वयं करते हैं या किसी योजना प्रबंधक द्वारा उनके NDIS फंड्स का प्रबंध किया जाता है, वे NDIS पंजीकृत प्रदाताओं और अपंजीकृत प्रदाताओं का उपयोग कर सकते हैं।

# अपनी सेवाओं का चयन और प्रबंध करना

## आप सेवा प्रदाताओं का पता कैसे लगा सकते/सकती हैं?

जब आप अपने लक्ष्यों को हासिल करने में अपनी मदद कर सकने वाली सेवाओं के प्रकारों की पहचान कर लें, तो फिर आपको अपने क्षेत्र में प्रदाताओं के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि क्या वे सेवाएँ आपके लिए सही हैं या नहीं। इसमें आपका ECEI समन्वयक, LAC या समर्थन समन्वयक भी आपकी सहायता कर सकता है। NDIS पंजीकृत प्रदाताओं का पता लगाने के लिए आप myplace पोर्टल पर Provider Finder पर खोज कर सकते/सकती हैं।

आप प्रदाताओं के साथ काम करने के लिए अपनी सहमति देने से पहले इंटरनेट पर प्रदाताओं की खोज करने, उनकी समीक्षाओं की जांच करने, मित्रों या परिवार से परामर्श लेने और अलग-अलग प्रदाताओं के साथ आमने-सामने या फोन पर बातचीत करने के इच्छुक हो सकते/सकती हैं।

## यदि आप अपने क्षेत्र में किसी सेवा प्रदाता का पता नहीं लगा सकते/सकती हैं

NDIS नया है, इसलिए नए सेवा प्रदाताओं को आपके क्षेत्र में सेवाएँ प्रदान करना शुरू करने में समय लग सकता है, विशेषकर ग्रामीण या दूरवर्ती कस्बों में। यदि आपके निवास के क्षेत्र में बहुत सारे सेवा प्रदाता नहीं हैं, तो आप अपने क्षेत्र में आपको समर्थन देने में संभवत: सक्षम किन्हीं अन्य लोगों या व्यवसायों के बारे में सोच-विचार कर सकते/सकती हैं।

यदि आपको सेवा प्रदाताओं का पता लगाने में कठिनाई हो, तो आपका ECEI समन्वयक या LAC आपकी सहायता करने में सक्षम होगा, या संभवत: आपकी योजना में कोई समर्थन समन्वयक शामिल हो सकता है जो आपके लक्ष्यों को हासिल करने में आपकी सहायता करने के लिए सेवाओं का पता लगाने में आपकी मदद कर सके।

## आप अपनी सेवाएँ प्राप्त करने के लिए प्रदाताओं का चयन कैसे कर सकते/सकती हैं?

NDIS के साथ जुड़ने से पहले संभवत: आपके पास पहले से ही कुछ सेवा प्रदाता हो सकते हैं और आप फिर से उनके साथ काम करने का चयन कर सकते/सकती हैं। NDIS का प्रतिभागी बनने के बाद आप नए प्रदाताओं के साथ काम करने के इच्छुक भी हो सकते/सकती हैं।

किसी सेवा प्रदाता के बारे में विचार करते समय अपने लक्ष्यों के बारे में उसके साथ बात करें और यह चर्चा करें कि वह इन लक्ष्यों की ओर काम करने में आपकी मदद कैसे कर सकता है। यहाँ ऐसे कुछ सवाल दिए गए हैं जो आप पूछ सकते/सकती हैं:

- क्या आप एक NDIS पंजीकृत प्रदाता है?
- आप मेरे लक्ष्यों को हासिल करने में मेरी मदद कैसे करेंगे?
- आपकी सेवा का शुल्क क्या है?
- क्या मैं अपने साथ काम करने वाले कर्मियों का चयन कर सकता/सकती हूँ?
- क्या आप मेरे लिए उपयुक्त समय पर सेवा प्रदान कर सकते हैं?
- मैं शिकायत कैसे कर सकता/सकती हूँ या भुगतान से सम्बन्धित समस्या का समाधान कैसे कर सकता/सकती हूँ?

## अपनी योजना को साझा करना

आपके लिए किसी को अपनी NDIS योजना की प्रति देना आवश्यक नहीं होता है। अपनी योजना को साझा करना आपका अपना चयन होता है।

आप myplace पोर्टल के माध्यम से अपनी पूरी योजना को या योजना के कुछ हिस्सों को अपने सेवा प्रदाताओं के साथ साझा करने का चयन कर सकते/सकती हैं। विशेषकर आप अपने तथा अपने लक्ष्यों से सम्बन्धित जानकारी को साझा करने के/की इच्छुक हो सकते/सकती हैं, ताकि उन्हें यह पता रहे कि आप क्या हासिल करना चाहते/चाहती हैं और आप उनसे किस प्रकार से अपने लिए सहायता प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं।

NDIS पंजीकृत प्रदाताओं के लिए यह ज़रूरी है कि वे गोपनीयता संबंधी नियमों का अनुपालन करें और आपकी अनुमति के बिना उन्हें आपकी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझी नहीं करनी चाहिए। यदि आपके पास अपनी गोपनीयता के बारे में कोई चिंताएँ हैं, तो अपने प्रदाता के साथ उसकी गोपनीयता नीति और नियमों के बारे में बात करें।

## मामला अध्ययन

### AHMAD

**Ahmad एक ग्रामीण कस्बे में रहता और और वह अपनी फंडिंग का प्रबंध करने के लिए एक योजना प्रबंधक का प्रयोग कर रहा है। Ahmad को सुबह बिस्तर से उठने, नहाने और तैयार होने में समर्थन की ज़रूरत पड़ती है।**

उसके शहर में कोई विकलाँगता समर्थन संस्थाएँ नहीं है, पर Ahmad Brenda नाम की एक स्थानीय महिला को जानता है जो वयोवृद्ध लोगों को समर्थन देने का अपना व्यवसाय चलाती है। Brenda एक NDIS पंजीकृत प्रदाता नहीं है, पर उसके पास Ahmad की सहायता करने के लिए सही कुशलताएँ मौजूद हैं और वह उसके साथ आरामदेह महसूस करता है। Ahmad और Brenda इस बात के ऊपर सहमत हैं कि वह हर सुबह Ahmad को दो घंटे के लिए समर्थन प्रदान कर पाएगी।

Ahmad का योजना प्रबंधक Brenda के साथ एक लिखित सेवा अनुबंध तैयार करता है, जिसमें Ahmad के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उसके लिए ज़रूरी समर्थन, Ahmad द्वारा भुगतान की जाने वाली प्रति घंटा दर, सेवा के प्रदान किए जाने का समय और भुगतान की शर्तों को दर्शाया जाता है।

## अपने लिए सही प्रदाता का पता लगाना

आप जिन प्रदाताओं के साथ संभवत: काम करना चाहते/चाहती हैं, उनके नाम नीचे दिए स्थान पर लिखें।

| मेरा लक्ष्य | आवश्यक समर्थन | आप सेवा प्रदाता में कौन सी विशेषताएँ ढूँढ रहे/रही हैं? | आपको यह सेवा कौन प्रदान कर सकता है? |
|---|---|---|---|
| उदाहरण : मैं स्कूल की पढ़ाई समाप्त करने के बाद नौकरी ढूँढना चाहता/चाहती हूँ। | मैं यह सीखने में सहायता प्राप्त करना चाहता/चाहती हूँ कि अपने समय का प्रबंध कैसे करना चाहिए, आत्म-विश्वास का निर्माण कैसे करना चाहिए और आवेदन कैसे तैयार करने चाहिए तथा साक्षात्कारों के लिए तैयारी कैसे की जानी चाहिए। | कोई ऐसा प्रदाता जिसके पास मेरे जैसे लोगों के साथ काम करने का अनुभव हो। मैं एक ऐसे प्रदाता के साथ काम करने के लिए इच्छुक हूँ जिसके पास मैं सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से आसानी से पहुँच सकूँ। | ABC Recruitment |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

## एक सेवा अनुबंध बनाना

जब आपने अपने प्रदाताओं का चयन कर लिया हो, तो आपको एक लिखित समझौते में इस बात के लिए सहमति देना ज़रूरी होता है कि आपके लिए समर्थन और सेवाएँ किस प्रकार प्रदान की जाएँगी और इनके लिए भुगतान कैसे किया जाएगा।

एक लिखित समझौता होने से यह स्पष्ट होता है कि आपके लिए क्या उपलब्ध कराया जाएगा और यह उस समय उपयोगी होता है जब आपकी कोई ऐसी समस्या हो जिसपर चर्चा किए जाने की ज़रूरत हो।

आपको अपने प्रत्येक प्रदाता के साथ एक सेवा अनुबंध बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

सेवा अनुबंधों में निम्नलिखित जानकारी शामिल हो सकती है, जैसे:

- प्रदाता किस प्रकार का समर्थन या सेवा प्रदान करने के लिए सहमति देता है।
- समर्थन या सेवा का शुल्क।
- आप अपने लिए समर्थन या सेवा को कैसे, कब और कहाँ प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं।
- आप समर्थन या सेवा को कितने समय के लिए प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं।
- आपके सेवा अनुबंध की समीक्षा कब और कैसे की जाएगी।
- होने वाली किन्हीं समस्याओं या मुद्दों का निपटान कैसे किया जाएगा।
- सेवा अनुबंध के अधीन आपकी जिम्मेदारियाँ, जैसेकि यदि आप एपॉइंटमेंट के समय वहाँ न पहुँच सकें तो अपने प्रदाता को इसकी सूचना देना।
- प्रदाता की एपॉइंटमेंट रद्द करने की नीति।
- आपके प्रदाता की जिम्मेदारियाँ – जैसे सही तरीके से आपको समर्थन या सेवा प्रदान करने के लिए आपके साथ काम करना।
- आप या आपका सेवा प्रदाता किस प्रकार सेवा अनुबंध को बदल या समाप्त कर सकता है।

आपके प्रदाता के पास खुद का एक मानक सेवा अनुबंध हो सकता है, जिसका प्रयोग करने के लिए आप इच्छुक हो सकते/सकती हैं। या फिर आप अपना सेवा अनुबंध स्वयं तैयार कर सकते/सकती हैं।

सेवा अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले आप या आपका **मनोनीत व्यक्ति** इसे ध्यानपूर्वक पढ़ना और इसकी एक प्रति सुरक्षित स्थान पर रखना सुनिश्चित करें।

**NDIS के प्रमुख शब्द: मनोनीत व्यक्ति**

वह व्यक्ति जो NDIS प्रतिभागी का प्रतिनिधित्व करता है।
वह आपकी ओर से काम करने और निर्णय लेने के लिए कानूनी तौर पर प्राधिकृत होता है।

### शुल्क

NDIA वर्तमान में अपनी NDIS शुल्क मार्गर्शिका (प्राइस गाइड) में पंजीकृत NDIS प्रदाताओं की सेवाओं के शुल्क के लिए अधिकतम कीमतें तय करती है। शुल्क मार्गदर्शिका को NDIS की वेबसाइट **www.ndis.gov.au** पर प्राप्त किया जा सकता है।

NDIS पंजीकृत‘ प्रदाता सूचीबद्ध शुल्क से कम शुल्क ले सकते हैं, परन्तु वे अधिकतम शुल्क से अधिक शुल्क नहीं ले सकते हैं। इसमें स्व-प्रबंधन करने वाले प्रतिभागियों का अपवाद है, जो अधिक शुल्क का भुगतान करने का चयन कर सकते हैं।

आप अपने प्रदाता के साथ सेवा के लिए भुगतान करने के शुल्क के ऊपर चर्चा कर सकते/सकती हैं और इसे आपके सेवा अनुबंध में सहमति करके रिकॉर्ड किया जाना चाहिए। NDIA प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को शुल्क अपडेट करती है और इसे NDIS की वेबसाइट पर प्रकाशित करती है।

यदि आप अपने NDIS वित्त-पोषण का स्व-प्रबंधन करते/करती हैं, तो आप अपने प्रदाताओं के साथ सहमत सेवा के शुल्क के ऊपर चर्चा कर सकते/सकती हैं।

NDIS पंजीकृत प्रदाता NDIA या किसी योजना प्रबंधक द्वारा प्रबंधित फंड्स के लिए NDIS शुल्क मार्गदर्शिका में दिए गए शुल्क से अधिक शुल्क नहीं ले सकते हैं।

> “मैं घर पर अधिक खुश रहती हूँ, मैं बातचीत करने और पैदल चलने का अभ्यास कर रही हूँ, मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। मुझे अपने पास यह विकल्प होना अच्छा लगता है कि मैं कब क्या करना चाहती हूँ; मैं स्वतंत्र बनना चाहती हूँ, अपनी पुरानी ज़िन्दगी फिर से वापिस पाना चाहती हूँ।”
>
> **KIRBY, NDIS प्रतिभागी**



# अपने समर्थन और सेवाएँ शुरू करना

जब आप यह निर्धारित कर लें कि आपके लिए कौन से समर्थन और सेवाएँ ज़रूरी हैं और इन्हें कौन प्रदान करेगा, तो इसका अंतिम चरण आपके NDIS पंजीकृत प्रदाताओं के लिए एक सेवा आरक्षण तय करना होगा। यदि आप अपंजीकृत प्रदाताओं का प्रयोग कर रहे/रही हैं या अपने फंड्स का प्रबंध स्वयं कर रहे/रही हैं, तो इस चरण की ज़रूरत नहीं है।

## NDIS पंजीकृत प्रदाताओं के लिए सेवा आरक्षण

सेवा आरक्षणों का प्रयोग किसी NDIS पंजीकृत प्रदाता द्वारा प्रदान किए जाने वाले समर्थन या सेवा के लिए फंडिंग को अलग रखने के लिए किया जाता है। सेवा आरक्षण सेवा अनुबंध के समान नहीं होते हैं। प्रदाता myplace पोर्टल पर सेवा आरक्षण के लिए भुगतानों का दावा करते हैं। एक सेवा आरक्षण यह दर्शाएगा कि प्रदान किए गए समर्थन का प्रकार क्या है, इसकी ज़रूरत कितने समय के लिए थी, और यह समर्थन या सेवा का भुगतान करने के लिए फंडिंग को अलग रखता है। myplace पोर्टल के माध्यम से आप, आपका मनोनीत व्यक्ति या NDIS पंजीकृत प्रदाता सेवाओं के लिए आरक्षण कर सकता है।

**यदि आपके NDIS फंड्स का स्व-प्रबंधन किया जाता है**
आपको सेवा आरक्षणों का प्रयोग करने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि आप प्रदाताओं को सीधे भुगतान करते/करती हैं।

**यदि आपके NDIS फंड्स का योजना-प्रबंधन किया जाता है**
आपका योजना प्रबंधक myplace पोर्टल पर एक सेवा आरक्षण करेगा, जिससे योजना प्रबंधक को आपकी योजना में शामिल संपूर्ण सेवाओं और समर्थनों के लिए NDIS से भुगतान का दावा करने की अनुमति मिलती है। इस मामले में NDIS पंजीकृत और अपंजीकृत, दोनों प्रकार के प्रदाताओं को सेवा आरक्षण में शामिल किया जा सकता है।

**यदि आपके NDIS फंड्स का प्रंबध NDIA द्वारा किया जाता है**
आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप अपने NDIS पंजीकृत सेवा प्रदाताओं को अपनी NDIS सँख्या और प्रासंगिक समर्थन क्षेत्र बताएँ जिसके लिए आपको धन-राशि दी गई है, ताकि आपके प्रदाता भुगतान प्राप्त कर सकें। आपके लिए सेवा आरक्षण किया जाना भी आवश्यक है, ताकि आपका प्रदाता myplace पोर्टल के माध्यम से भुगतान का दावा कर सके।

## सेवा आरक्षण बदलना

सेवा आरक्षण को उसकी समाप्ति की तिथि से पहले केवल myplace पोर्टल पर ही बदला जा सकता है।

## सेवा आरक्षण रद्द करना

आप सेवा आरक्षण की समाप्ति तिथि से पहले myplace पोर्टल पर सेवा आरक्षण को रद्द कर सकते/सकती हैं। सेवा आरक्षण को रद्द किए जाने पर उस सेवा के लिए नियत खर्च न की गई किसी भी धन-राशि को आपके बजट में वापिस रिफंड कर दिया जाएगा।

# अपनी सेवाओं के लिए भुगतान करना

सेवाओं के लिए भुगतान myplace पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। यह प्रक्रिया आपकी फंडिंग के प्रबंधन के तरीके के अनुसार अलग-अलग होती है।

**यदि आपके NDIS फंड्स का स्व-प्रबंधन किया जाता है**
एक स्व-प्रबंधक प्रतिभागी के रूप में जब आप अपनी सेवाओं के लिए भुगतान करते/करती हैं, तो आपकी विशिष्ट भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ होती हैं। अपने NDIS फंड्स का प्रयोग करके अपने सेवा प्रदाता को भुगतान करने के लिए दो विकल्प उपलब्ध हैं:

1. आप सामान्यत: 7-30 दिनों (यह संभवत: सेवा अनुबंध में दिया जाएगा) में प्रदाताओं की इनवॉइस का भुगतान करने के लिए उनसे चर्चा कर सकते/सकती हैं। इनवॉइस मिलने के बाद आप अपनी NDIS फंडिंग से अपने नामांकित बैंक एकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने के लिए myplace पोर्टल के माध्यम से भुगतान निवेदन कर सकते/सकती हैं।
2. आप पहले सेवा प्रदाता को भुगतान कर सकते/सकती हैं और फिर अपनी NDIS फंडिंग से अपने नामांकित बैंक एकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने के लिए myplace पोर्टल के माध्यम से भुगतान निवेदन कर सकते/सकती हैं, ताकि आपको पैसों की प्रतिपूर्ति की जा सके।

आपके लिए अपने भुगतानों के रिकॉर्ड्स सहेजकर रखना ज़रूरी है।

एक स्व-प्रबंधक प्रतिभागी के रूप में सेवाओं का भुगतान करने से सम्बन्धित और अधिक जानकारी **स्व-प्रबंधन के लिए NDIS मार्गदर्शिका** से प्राप्त की जा सकती है।

**यदि आपके NDIS फंड्स का योजना-प्रबंधन किया जाता है**
आपका योजना प्रबंधक आपके लिए आपकी सेवाओं का भुगतान करेगा और आपके भुगतानों का रिकॉर्ड रखेगा।

**यदि आपके NDIS फंड्स का प्रंबध NDIA द्वारा किया जाता है**
आपके NDIS पंजीकृत प्रदाता myplace पोर्टल पर सेवा आरक्षण के माध्यम से भुगतानों का दावा करेंगे। ऐसा करने के लिए आपके प्रदाता को आपकी NDIS सँख्या, आपकी जन्म-तिथि और आपके पारिवारिक नाम की आवश्यकता होगी।

## अपनी योजना पर दृष्टि बनाए रखना

आपको अक्सर इस बात की जांच करनी चाहिए कि कितनी NDIS फंडिंग शेष बची है। आप myplace पोर्टल में 'My Support Budget' खण्ड में यह जांच कर सकते/सकती हैं कि आपने कितनी फंडिंग खर्च की है और आपकी कितनी फंडिंग शेष है।

आप किस चीज़ पर अपनी NDIS फंडिंग खर्च कर रहे/रही हैं, इसके बारे में अवगत रहना सुनिश्चित करने के लिए खुद को प्राप्त होने वाली सेवाओं का रिकॉर्ड रखें या अपने प्रदाता से नियमित तौर पर उनके सेवा रिकॉर्ड्स की प्रतियाँ माँगें। याद रखें कि आपकी योजना की पूरी अवधि तक आपकी फंडिंग का बने रहना ज़रूरी है।

यदि आप अपनी NDIS फंडिंग का स्व-प्रबंधन कर रहे/रही हैं, तो आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप पांच सालों के लिए सभी इनवॉइस और रसीदें तथा साथ ही अपने बैंक स्टेटमेंट्स सहेजकर रखें। NDIA किसी भी समय आपके रिकॉर्ड्स की जांच कर सकती है - इसलिए इन्हें सुव्यवस्थित रखना महत्वपूर्ण होता है ताकि आप यह दर्शा सकें कि आपने अपने NDIS फंड्स को अपनी योजना में दिए गए लक्ष्यों को हासिल करने में मदद देने वाले समर्थनों पर खर्च किया है। **स्व-प्रबंधन के लिए NDIS मार्गदर्शिका** में स्व-प्रबंधक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के बारे में और अधिक जानकारी पढ़ें।

सेवा प्रदाताओं को ऐसी सेवाओं के लिए दावा नहीं करना चाहिए जो उन्होंने प्रदान नहीं की हैं। यदि ऐसा होता है, तो अपने प्रदाता से संपर्क करें और सीधे उनके साथ समस्या का समाधान करने की कोशिश करें। यदि आप परिणाम से खुश नहीं हैं, तो अपने ECEI समन्वयक, LAC, समर्थन समन्वयक या NDIA से संपर्क करें।

यदि आपकी योजना की समाप्ति पर आपने अपनी संपूर्ण फंडिंग का उपयोग नहीं किया है, तो यह:

- आपकी अगली योजना में 'शामिल' नहीं की जाएगी, या
- आपकी अगली योजना से 'हटाई' नहीं जाएगी।

भविष्य की योजनाओं में होने वाले कोई भी बदलाव इस बात पर आधारित होंगे कि आपकी ज़रूरतों के लिए क्या यथोचित और आवश्यक है। इसमें आपके द्वारा अभी तक हासिल किए गए लक्ष्यों तथा आपकी कुशलताओं और स्वतंत्रता में होने वाले सुधार को ध्यान में रखा जाएगा।

## यदि मैं प्राप्त होने वाले समर्थन या सेवा से खुश नहीं हूँ, तो मैं क्या करूँ?

यदि आप प्राप्त होने वाले समर्थन या सेवा से खुश नहीं हैं, तो आप पहले अपने प्रदाता के साथ बात कर सकते/सकती हैं। आप अपने किसी भरोसेमंद व्यक्ति से या किसी स्वतंत्र पक्षसमर्थक से अपनी मदद करने के लिए कह सकते/सकती हैं। यदि आपकी समस्या का समाधान नहीं होता है, तो अपने ECEI समन्वयक, LAC, समर्थन समन्वयक या NDIA के साथ बात करें।

यदि आप फिर भी खुश नहीं हैं, यदि अब आपको उनकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है या यदि आप किसी अन्य प्रदाता के साथ काम करना चाहते/चाहती हैं, तो आप प्रदाता बदल सकते/सकती हैं।

जब आप किसी प्रदाता को बदलते/बदलती हैं या उसके साथ काम करना बंद करते/करती हैं, तो अधिकांश मामलों में आपको इस बात के लिए सहमति देने की ज़रूरत होगी कि आप उनके साथ काम करना कब बंद करेंगे/करेंगी, जिसे आपके सेवा अनुबंध में लिखा जाना चाहिए।

## यदि मेरी योजना में कुछ परिवर्तन होता है, तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आपकी परिस्थितियों में कोई बड़ी घटना होने वाली है या कोई परिवर्तन आने वाला है जिससे आपकी योजना पर असर पड़ सकता है, तो इसके बारे में अपने ECEI समन्वयक, LAC, समर्थन समन्वयक या NDIA को बताना महत्वपूर्ण होता है, जैसे:

- आपकी विकलाँगता ज़रूरतों में बदलाव
- परिवार या मित्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली देखभाल या समर्थन में महत्वपूर्ण बदलाव
- आपके रहन-सहन के प्रबंधों में बदलाव, जैसे आप कहाँ रहते/रहती हैं, क्या आप नए लोगों के साथ रहते/रहती हैं, क्या आप विदेश, किसी वयोवृद्ध देखभाल केन्द्र या आवासीय सुविधा केन्द्र में स्थानांतरण करते/करती हैं।
- आपकी नौकरी में बदलाव होना या नौकरी की खोज करना, या
- क्या आपको अपनी विकलाँगता से सम्बन्धित दुर्घटना या रोग के लिए मुआवज़ा मिलता है, या क्या आप इसके लिए दावा करते/करती हैं।

परिस्थितियों में बदलाव का अनिवार्य रूप से यह अर्थ नहीं है कि आपकी योजना की समीक्षा की जाएगी या इसे बदल दिया जाएगा, परन्तु अपने जीवन में होने वाले महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में ECEI समन्वयक, LAC, समर्थन समन्वयक को बताना महत्वपूर्ण होता है ताकि आपकी योजना आपकी वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा कर सके।

यदि आपके लिए कुछ ऐसा बदलाव होता है जो आपकी योजना में आपकी ज़रूरतों या समर्थनों को प्रभावित करता है, तो आपके लिए परिस्थितियों में परिवर्तन फॉर्म (change of circumstances form) भरना ज़रूरी होता है। यह फॉर्म NDIS की वेबसाइट पर उपलब्ध है या इसे NDIA को फोन करके प्राप्त किया जा सकता है।

# अपनी योजना और लक्ष्यों की समीक्षा करना

## NDIS प्रतिभागियों के लिए योजना की समीक्षा करना

आपकी योजना की समीक्षा पर चर्चा करने के लिए आपकी योजना के समाप्त होने से पहले आपसे संपर्क किया जाएगा।

आपकी पसंद के अनुरूप आपकी योजना की समीक्षा का आयोजन आमने-सामने या फोन पर किया जाएगा। आप अपनी योजना की समीक्षा में परिवार के किसी सदस्य, मित्र, पक्षसमर्थक या किसी अन्य व्यक्ति को शामिल कर सकते/सकती हैं। आपकी पहली NDIS योजना की समीक्षा सामान्यत: आपके द्वारा अपनी योजना शुरू करने के 12 महीने बाद की जाती है। भविष्य की योजनाओं के लिए, यदि आपकी ज़रूरतों के बदलने की कम संभावना हो तो आपको अधिकतम 24 महीनों के लिए एक योजना प्रस्तुत की जा सकती है।

## बच्चों के लिए योजना की समीक्षा करना

प्रारंभिक हस्तक्षेप का उद्देश्य यह होता है कि जितनी जल्दी संभव हो, समर्थन प्रदान करके किसी व्यक्ति के रोज़मर्रा के जीवन पर उसकी विकलाँगता या विकासात्मक विलंब के प्रभाव को कम किया जाए। यदि आपके बेटे/बेटी को एर्ली चाइल्डहुड एर्ली इंटरवेन्शन (ECEI) के माध्यम से समर्थन मिलता है, तो सामान्यत: आपके बेटे/बेटी के ECEI समन्वयक के साथ इसकी समीक्षा की जाएगी।

प्रत्येक योजना समीक्षा में आपके बेटे/बेटी के लिए NDIS की सुलभता का आकलन किया जाएगा। आपके बेटे/बेटी की ज़रूरतों पर उसकी समीक्षा का समय निर्भर करेगा। ऐसा इस बात की जांच करने के लिए किया जाता है कि क्या ECEI समर्थन प्रभावी हैं और क्या वे आपके बेटे/बेटी को समर्थन दे रहे हैं। यदि आपके बेटे/बेटी के विकास में सुधार हुआ है और उसने अपने लक्ष्य हासिल कर लिए हैं, तो हो सकता है कि उसे अब NDIS से समर्थन की ज़रूरत न हो।

आपके बेटे/बेटी के सात वर्ष की आयु के होने से पहले आपका ECEI समन्वयक इस बात पर भी ध्यान देगा कि उसे भविष्य में किस चीज़ की ज़रूरत पड़ सकती है। यदि उसके पास पहले कोई NDIS योजना नहीं थी, तो ECEI समन्वयक इस बात पर ध्यान देगा कि क्या NDIS योजना प्राप्त करने के लिए वह NDIS प्रतिभागी बनने के लिए पात्र हो सकता है या नहीं।

## अपनी योजना समीक्षा मुलाकात के लिए आपके लिए ज़रूरी अन्य जानकारी

आपके लिए अपनी योजना समीक्षा मुलाकात के लिए अपने कुछ सेवा प्रदाताओं से आकलन या रिपोर्ट्स प्रदान करना ज़रूरी हो सकता है। ऐसा यह दर्शाने के लिए किया जाता है कि आपके समर्थन और सेवाएँ किस प्रकार आपके लक्ष्य हासिल करने में आपकी मदद कर रहे हैं। ये रिपोर्ट्स उन समर्थनों और सेवाओं के लिए भी सिफारिश दे सकती हैं जिनकी ज़रूरत आपको भविष्य में पड़ सकती है। आपका ECEI समन्वयक, LAC या NDIA आपके साथ इसपर चर्चा करेगा।

### मुझे कौन सी रिपोर्ट्स उपलब्ध कराना ज़रूरी है?

उदाहरण: मेरे व्यवसायिक चिकित्सक द्वारा दी जाने वाली प्रगति रिपोर्ट

## अपनी योजना समीक्षा के लिए तैयारी करना

अपनी योजना की समीक्षा करना आपके लिए इस बात की जांच करने का एक अवसर होता है कि क्या आपके समर्थन और सेवाएँ आपके लक्ष्य हासिल करने में आपकी मदद कर रहे हैं। आपकी NDIS योजना और फंडिंग का आपके लिए सही तरीके से काम करना जारी रखना महत्वपूर्ण होता है और जैसे-जैसे आपके जीवन और लक्ष्यों में बदलाव होता है, इन्हें भी उसके अनुसार समायोजित किया जाता है।

**निम्नलिखित बातों पर विचार करें:**

- आपकी योजना में क्या काम ठीक से हुए।
- क्या काम ठीक से नहीं हुए।
- क्या आपने अपने लक्ष्य हासिल किए हैं या उन्हें हासिल करने की ओर कदम बढ़ाए हैं।
- आप किन लक्ष्यों की ओर काम करना जारी रखना चाहते/चाहती हैं और किन लक्ष्यों को बदलना चाहते/चाहती हैं।
- अपने लक्ष्य हासिल करने में कौन आपकी मदद कर सकता है।
- क्या आपको भविष्य में NDIS समर्थन की ज़रूरत होगी।
- आपकी योजना फंडिंग का प्रबंध कैसे किया जाता है, क्या आप इसे पूरी तरह से या आंशिक तौर पर बदलना चाहते/चाहती हैं।

आपके लिए प्रत्येक योजना समीक्षा पर नए लक्ष्य बनाना ज़रूरी नहीं है, परन्तु यह ज़रूरी है कि आपकी योजना, समर्थन और सेवाएँ आपको आगे बढ़ने में, नई चीज़ें हासिल करने में और अंत में आपके दीर्घावधि के लक्ष्य हासिल करने में मदद करें।

## आपकी योजना समय के साथ बदल सकती है

जैसाकि **पुस्तिका 1 – NDIS को समझना** में विवरण दिया गया है, NDIS का निर्माण व्यक्ति की योग्यताओं और स्वतंत्रता को बढ़ाने के लिए किया गया है ताकि वह एक बेहतर तरीके से जीवन-यापन कर सके। अपने लक्ष्यों को हासिल करने की ओर काम करते हुए आपके लिए ज़रूरी समर्थन की मात्रा में बदलाव आने की संभावना होती है।

यदि किसी सेवा, प्रारंभिक हस्तक्षेप या सहायक प्रौद्योगिकी के कारण आपकी स्वतंत्रता में वृद्धि हुई है और अतिरिक्त समर्थन के लिए आपकी ज़रूरत में कमी आई है, तो हो सकता है कि आपको NDIS योजना के माध्यम से कम फंडिंग की ज़रूरत हो, या फिर फंडिंग की बिल्कुल भी ज़रूरत न हो।

इसका यह अर्थ है कि हो सकता है कि आपको अब NDIS फंडिंग की ज़रूरत न पड़े, परन्तु यदि आपको ज़रूरत पड़ती है तो आप भविष्य में फिर से हमारे साथ संपर्क कर सकते/सकती हैं।

जो लोग प्रासंगिक विकलाँगता (ऐसी विकलाँगता जिसमें आपके रोज़ाना के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव में उतार-चढ़ाव होता रहता है) से पीड़ित होते हैं, उन्हें समय बीतने पर अपनी विकलाँगता में होने वाले परिवर्तनों के साथ-साथ अपनी NDIS फंडिंग के स्तरों में बदलाव भी दिखाई दे सकते हैं।

"

"NDIS के बारे में मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि इससे मुझे किसी बच्चे और उसके परिवार के जीवन में अंतर लाने की क्षमता मिलती है।"

**JOANNA BUTTFIELD,
NDIS पंजीकृत प्रदाता**



## आपकी योजना समीक्षा में किन बातों की चर्चा पर जानी चाहिए

### आपकी योजना में कौन से काम ठीक से हुए? आपने कौन से लक्ष्य हासिल किए?

उदाहरण: मुझे घर के कार्यों, जैसे कपड़े धोने, सुखाने और शावर लेने में समर्थन मिला।

उदाहरण: मैंने काम के लिए तैयार रहने का अपना प्रशिक्षण पूरा किया और अब मैं नौकरी खोजने के लिए तैयार हूँ।

### कौन से काम ठीक से नहीं हुए?

उदाहरण: मुझे लगता है कि नौकरी खोजने के लिए मुझे और अधिक समर्थन की ज़रूरत है। नौकरी खोजना मेरी योजना में एक दीर्घावधि का लक्ष्य है।

उदाहरण: मेरा प्रदाता मुझे समर्थन देने वाले कर्मी को बदलता रहता है।

**अपनी योजना का प्रबंध किए जाने के बारे में आपके पास क्या सवाल हैं? आपकी फंडिंग का प्रबंध कैसे किया जाता है, क्या आप इसे बदलना चाहते/चाहती हैं?**

उदाहरण: मुझे लगता है कि मैं अपनी योजना के कुछ हिस्से का प्रबंध कर सकता/सकती हूँ, परन्तु पूरी योजना का नहीं। मैं अगली योजना समीक्षा में इसके बारे में चर्चा करना चाहता/चाहती हूँ।

**आपकी अगली योजना के लिए आपके नए लक्ष्य क्या हैं?**

उदाहरण: मैं और अधिक स्वतंत्र बनना चाहता/चाहती हूँ और अंततः वापिस नौकरी करना चाहता/चाहती हूँ।

## आपकी टिप्पणियाँ और आपके सवाल

उदाहरण: मेरा बेटा खेलकूद शुरू करना चाहता है, परन्तु मुझे यह निश्चित रूप से पता नहीं है कि उसके लिए और उसकी विकलाँगता के लिए क्या उचित रहेगा। इस बारे में मेरे पास क्या विकल्प हैं?

उदाहरण: मैं प्रदाताओं के साथ अपनी योजना को कैसे साझा करूँ?



1 2 3

# आगे क्या होगा?

आपने NDIS के माध्यम से फंडिंग के लिए एक्सेस आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है।

आपके पास एक स्वीकृत NDIS योजना है और आप यह समझते/समझती हैं कि आप अपनी फंडिंग को किस चीज़ पर खर्च कर सकते/सकती हैं।

आपने अपने लिए सही प्रदाताओं का चयन किया है और आपको यह पता है कि यदि काम ठीक ढंग से न हो रहे हों, तो आपको क्या करना चाहिए।

आपको यह पता है कि कौन सी सामुदायिक और सरकारी सेवाएँ उपलब्ध हैं, और ज़रूरत पड़ने पर आपका LAC या समर्थन समन्वयक अन्य सेवाओं के साथ आपका संपर्क स्थापित कर रहा है।

**यदि आपके पास कोई सवाल हैं, आपकी परिस्थितियाँ बदल जाती हैं या आप किसी अन्य बात पर चर्चा करना चाहते/चाहती हैं, तो अपने ECEI समन्वयक, LAC या समर्थन समन्वयक से संपर्क करें।**

**जब आपकी योजना की समीक्षा करने का समय आएगा, तो आपसे संपर्क किया जाएगा। इस पुस्तिका को पूरा करें और अपनी योजना समीक्षा मुलाकात में इसे अपने साथ लाएँ।**

DA0361 JANUARY 2019

**इस पुस्तिका के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:**

**www.ndis.gov.au**

**नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस एजेंसी**

टेलीफोन 1800 800 110

Facebook/NDISAus पर हमें खोजें

Twitter @NDIS पर हमें फॉलो करें

**जिन लोगों को अंग्रेज़ी में मदद की ज़रूरत है**

TIS: 131 450

**सुनने या बोलने की समस्या से ग्रस्त लोगों के लिए**

TTY: 1800 555 677

स्पीक एंड लिसन: 1800 555 727

इंटरनेट रिले: नेशनल रिले सेवा
www.relayservice.gov.au